तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026



10 निर्माण कार्यों व जनशिकायतों की समीक्षा, समयबद्ध ...





10 रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता...







## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### भगवान दर्शन के लिए जनकपुरी पहुंच रहे श्रद्धालु



**जगदलपुर।** भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा जनकपुरी में विश्राम कर रहे है। सीरासार क्षेत्र का माहौल भक्ति में डूबा है। महिलाएं बच्चे जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने सीरासार स्थित जनकपुरी पहुंच रहे है। शनिवार को धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। भगवान के 22 विग्रहों के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। दोपहर को अरण्यक ब्राह्मण समाज ने महाप्रसाद अर्पित किया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। संध्या कालीन महाआरती के पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### डाक कर्मियों का चरणबद्ध आंदोलन होगा आज से

**जगदलपुर।** भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री हेमंत पाण्डेय ने बताया कि सोमवार से भारतीय डाक कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। कर्मचारी 20 जुलाई को अपने मांगों के समर्थन में काले पट्टी लगाकर काम करेंगे।

### बोड़ा 500 व टमाटर 20 रुपए किलो पर पहुंचा



**जगदलपुर।** मौसम में आए बदलाव का असर अब आम लोगों की रसोई पर साफ दिखाई देने लगा है। लगातार बारिश, उमस के कारण बाजार में सब्जियों की आवक कम हो गई है। वहीं दूसरी ओर मांग बनी रहने से कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। शहर के बाजार में इस रविवार को बोड़ा उच्च मांग के कारण 500 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। इसके विपरीत टमाटर की आवक अच्छी होने के कारण इसका दाम मात्र 20 रुपए किलो में बिक रहा है। बाजार में टमाटर 20, परवल 60, करेला 60, पत्तागोभी 40, फूलगोभी 80, बरबट्टी 40, भट्टा 70, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 40, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100, पालकभाजी 100 रूपए, धनियापत्ती 150 रुपए प्रतिकिलो और लालभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी में बिक रही है।

### जन सेवा में अग्रणी रहें कार्यकर्ता : लाटिया



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर जिला प्रभारी सतीश लाटिया शनिवार को भानपुरी मण्डल में सालेमेटा शक्ति केन्द्र व भानपुरी शक्ति केन्द्र की बैठक में सम्मिलित हुए और ग्रामीण कार्यकतार्ओं से सीधे संवाद स्थापित किया। श्री लटिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति है। शक्ति केन्द्र में आने वाले प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाना है। बूथ कमेटी के सदस्य व कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचें और उनकी समस्याओं के निदान का प्रयास करें। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने अग्रणी भूमिका निभायें।

### विद्युत फीडरों पर ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की बढ़ी समस्या

# शहरीय संभाग में स्वीकृत 117 पदों में से 64 पद रिक्त, बिजली उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहरी विद्युत क्षेत्र में स्वीकृत 117 पदों में से 64 पदों के रिक्त होने से 11 कर्मचारियों पर भारी कार्यभार है। नियमित कर्मचारियों की कमी के कारण मेंटेनेंस, फाल्ट सुधारने और नए कनेक्शन में देरी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और घंटों बिजली गुल रहने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फील्ड स्टाफ की कमी के कारण ट्रांसफार्मर खराब होने या लाइन में फाल्ट आने पर बिजली आपूर्ति बहाल करने में लंबा समय लग रहा है। रूटीन मेंटेनेंस अनुरक्षण कार्य प्रभावित होने से शहरी फीडरों पर ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की समस्या बढ़ गई है। उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों के आवेदनों को तय समय-सीमा में पूरा करने में देरी हो रही है। मौजूद कर्मचारियों और लाइनमैनों पर दोगुना कार्यभार है, जिससे वे तनाव और अत्यधिक दबाव में काम करने को मजबूर हैं। विद्युत कंपनी जगदलपुर शहरीय संभाग में जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन में सहायक अभियंता एक, कनिष्ठ अभियंता 4, लाईनमेन श्रेणी-दो के एक पद रिक्त है। इस तरह से दोनों जोन में मैदानी एवं कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी स्वीकृत के 117 पदों में से 64 पद लंबे समय से रिक्त है, इस पर उच्च अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

- शिकायत आवेदनों के निपटारे में भी हो रही देर





#### रोज बंद हो रही बिजली

उपभोक्ताओं ने विद्युत कंपनी पर नाराजगी करते हुए बताया कि रोज कुछ घंटे के अंतराल में बार-बार बिजली गुल हो रही है, जिससे सभी घर-परिवार के लोग समुचित बिजली की सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। रोजाना यही हाल हो रहा है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### आउटसोर्सिंग कर्मी का कर रहे उपयोग

विद्युत कंपनी जगदलपुर शहरीय संभाग के कार्यपालन अभियंता एनआर भगत ने बताया कि रिक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूचना प्रत्येक माह उच्च अधिकारियों को दी जाती है। रिक्त पदों पर फ्यूज कॉल आदि लाइन के सुधार के लिए आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों का उपयोग किया जाता है।

## स्थानीय युवाओं को मिलेगी रोजगार में प्राथमिकता : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



वन मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर फाइटर्स भर्ती नियमों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते मुख्यमंत्री का आभार माना है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि यह निर्णय बस्तर के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, क्षेत्र की सुरक्षा और समग्र विकास की दिशा में एक बड़ी पहल है। इससे बस्तर संभाग के लगभग 5,800 स्थानीय युवाओं के लिए सरकारी सेवा में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रभावी मार्गदर्शन में बस्तर आज विकास, विश्वास और अवसरों के नए युग की ओर बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की स्पष्ट नीति और निरंतर प्रयासों से बस्तर में विकास कार्यों को नई गति मिली है तथा युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और बेहतर भविष्य के अनेक द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार जनहितकारी और दूरदर्शी निर्णय ले रही है। बस्तर फाइटर्स भर्ती में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय इसी संवेदनशील और विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवा अपनी भाषा, संस्कृति, भौगोलिक परिस्थितियों और सामाजिक परिवेश से भली-भांति परिचित हैं। उनकी सहभागिता से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी, प्रशासन एवं आमजन के बीच विश्वास मजबूत होगा तथा विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी।

- 5,800 पदों पर की जाएगी भर्ती
- साय सरकार के निर्णय का स्वागत

#### बस्तर के युवाओं का विश्वास मजबूत करेगा

वन मंत्री ने कहा कि यह निर्णय केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर, सुरक्षित और विकसित बस्तर के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साय सरकार का यह निर्णय बस्तर के युवाओं के विश्वास को मजबूत करेगा और क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

## अंतरराज्यीय बस स्टैंड में मची लूट, किराया सूची नहीं लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहर के अंतरराज्यीय बस स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। करोड़ों की लागत के बस स्टैंड में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीने का साफ पानी, बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है। अवैध पार्किंग, यहां वहां बेतरतीब खड़ी बसे, गंतव्य स्थान जाने के लिए कौन से बस कब आएगी कहां जाएगी ये जानने के लिए पूछताछ काउंटर भी नहीं है। जिससे यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। रेट लिस्ट का बोर्ड बस स्टैंड में नहीं होने से यात्रियों से मनमाने पैसे वसूले की शिकायत भी मिली है।

- शौचालय की गंदगी और बैठने की उचित व्यवस्था न होने से यात्री परेशान

बस्तर संभाग का सबसे बड़े और प्रमुख बस स्टैंड उपेक्षित है। नगर निगम करोड़ों रुपये खर्च कर बस स्टैंड का निर्माण किया था। पर्यटन और व्यावसायिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र होने के बावजूद यहां आने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड में सबसे बड़ी समस्या सार्वजनिक शौचालयों की खराब स्थिति है। यहां साफ-सफाई न होने से तथा यूरिनल फ्री का बोर्ड बाहर नहीं होने से यात्रियों से पैसे लिए जा रहे है। जबकि पिछले दिनों महापौर ने निरीक्षण के दौरान सुलभ शौचालय के संचालकों को स्पष्ट तौर पर ⏭ शेष पेज 10 पर

## मुख्य मार्ग पर कचरा फेंकने पर लगेगा 9500 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से 17 जुलाई को विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। मुख्य मार्ग पर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट डालने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर गंदगी फैलाने वाले लोगों व संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई हुई। नियमों का उल्लंघन करने वालों से कुल 9500 का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान स्पष्ट किया कि मुख्य मार्गों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण का मलबा या घरेलू कचरा फेंकना नियमों का उल्लंघन है। यातायात बाधित होता है और स्वच्छता एवं पर्यावरण पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। टीम ने जुर्माना वसूलने के साथ ही गलती दोहराने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।



#### अभियान में इनकी रही सहभागिता

यह कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णा राव के मार्गदर्शन में हुई। अभियान के दौरान अभियंता संतोष नेगी, हेमंत मंडावी, पूरनबती ठाकुर, अनिशा निहलानी, मिलिंद बारीक, विश्वजीत मलिक, अंजलि सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

#### नियम तोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

नगर पालिका ने नागरिकों से अपील में कहा है कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का निस्तारण निर्धारित स्थान पर ही करें। घरों और दुकानों का कचरा बाहर फेंकने के बजाय नगर पालिका के डोर-टू-डोर संग्रहण वाहन या तय कचरा पेटी में ही डालें।

## महारा समाज के प्रयास से एक परिवार की सनातन धर्म में हुई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महारा समाज के तत्वावधान में बस्तर की पारंपरिक रीति-नीति एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार कुम्हारापारा निवासी मन्नू बघेल, सुकदई बघेल, रश्मि बघेल, देवेन्द्र बघेल एवं कृष्णा बघेल की सनातन धर्म में घर वापसी कराई गई। बताया गया कि यह परिवार पिछले लगभग 10 वर्षों से ईसाई पंथ का पालन कर रहा था। घर वापसी का कार्यक्रम विधि विधान एवं पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ।

- पारंपरिक रीति रिवाजों से हुआ कार्यक्रम

महारा समाज के संभागीय अध्यक्ष राजू बघेल ने कहा महारा समाज सदैव बस्तर की परंपराओं, संस्कृति और सनातन धार्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्य करता रहा है। आज जिन परिवारों ने अपनी स्वेच्छा से सनातन धर्म में घर वापसी की है। उनका समाज की परंपराओं के अनुरूप स्वागत किया गया। हमारा उद्देश्य समाज में एकता, समरसता और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बनाए रखना है।

**समाज ने परिवार का किया स्वागत:** समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया सोना ने कहा यह घर वापसी कार्यक्रम पूरी श्रद्धा और पारंपरिक विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। समाज ने परिवार का आत्मीय स्वागत किया है। हम सभी समाजजनों से अपनी संस्कृति,परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं के संरक्षण के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान करते हैं तथा समाज की एकता और भाईचारे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर संभागीय संयोजक विनय सोना, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम नाग एवं पुजारी विमल बघेल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य की उपस्थिति में घर वापसी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महापौर संजय पांडे, मुन्ना कोरी, देवेन्द्र कश्यप, रमेश नायडू, पप्पू वर्मा, रोहन कुमार सहित वार्डवासी मौजूद रहे।



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कई मामलों में केंद्र और राज्य सरकार पर बोला हमला

# नीट परीक्षा को निजी हाथों में देने और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं लेने के लिए पीएम जिम्मेदार : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को एक निजी होटल में पत्रकार वार्ता में कहा कि नीट जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा को निजी हाथों में देना और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा न लेना ये बताता है कि इसमें केवल वे ही दोषी नहीं है जिन्होंने एग्जाम लेने की प्रक्रिया को निजी हाथों में दिया यानि प्रधानमंत्री भी जिम्मेदार हैं। नई दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछले 19 दिनों से बच्चे प्रोटेस्ट कर रहे है लेकिन उनका हाल जानने सरकार का कोई नुमाइंदा नहीं गया। बल्कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार कर प्रोटेस्ट तोड़ने का काम इस सरकार ने किया। उन्होंने कहा मोदी सरकार के शासन काल में अभी तक 150 बार पेपर लीक हो चुके हैं। जिससे लगभग साढे. सात लाख परिवार प्रभावित हुए हैं। जहां जहां भाजपा की सरकार है वहीं पेपर लीक हुए हैं।

- कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल को निजी हाथों में देना और आत्मानंद स्कूल की हालत प्रदेश सरकार की कमजोरी



पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पेपर लीक मामले में छात्रों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। निजी हाथों से शिक्षा को कैसे बचाया जाय इस मुद्दे पर राहुल गांधी देहरादून में छात्रों से मिले। उन्होंने प्रेस को बताया कि कई ऐसे माता पिता है जो मजदूरी करते हैं, अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने का सपना लिए बैंकों से लोन लिया, लेकिन री एग्जाम ने उनके सपनों को छीन लिया। गरीब परिवार की बेटी रिया की भी जिंदगी इस सरकार के भ्रष्ट तंत्र ने छीन ली। इस भ्रष्ट तंत्र से लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आगामी दिनों में रणनीति बनाएगी।

#### आत्मानंद का ग्रांट भाजपा सरकार ने किया बंद

कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल डिमरापाल के संबंध में पूछे गए सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि ये सवाल आपको बीजेपी से पूछना चाहिए। ये सरकार तो हर चीज को प्राइवेट हाथों में दे रही है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में फीस लेने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का ड्रीम प्रोजेक्ट था। इसे पहले बस्तर और सरगुजा संभाग में ये सोच कर खोला गया कि गरीब और आदिवासी के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ें। बीजेपी सरकार ने आते ही इसका नाम बदला और इसे मिलने वाले ग्रांट को बंद किया। अब तो शिक्षकों को चाक और डस्टर खरीदने के भी लाले पड़े हैं। पत्रवार्ता में प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

## आदिवासी दिवस मनाने सभी ब्लाक से रैली पहुंचेगी शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सर्व आदिवासी समाज बस्तर की जिला स्तरीय बैठक रविवार को नया पारा स्थित भवन में हुई। बैठक में जिले के सभी विकासखंडों से पदाधिकारी, समाज प्रमुख, कर्मचारी प्रकोष्ठ, युवा प्रभाग तथा छात्र संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी 9 अगस्त को आयोजित होने वाले विश्व आदिवासी दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय आयोजन भव्य एवं ऐतिहासिक होगा। जिले के सभी ब्लॉकों से रैलियां निकलकर पीजी कॉलेज धरमपुरा पहुंचेंगी। यहां सभी ब्लॉकों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसका समापन प्रतापगंज पारा स्थित समाज की भूमि में होगा। दोपहर 1:30 बजे पीजी कॉलेज परिसर में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 बजे रैली ⏭ शेष पेज 10 पर

- सर्व आदिवासी समाज की बैठक



**खबर संक्षेप**

## अफसर- कर्मियों को एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण



**फरसगांव/विश्रामपुरी।** कोंडागांव जिले में चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत शनिवार को विश्रामपुरी क्षेत्र में निर्माणाधीन टनल परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के उप निरीक्षक डी.के. समोता ने प्रतिभागियों को भूकंप, बाढ़, आग एवं आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आधुनिक बचाव उपकरणों का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। अधिकारी और कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिल सके। प्रशिक्षण में सुरक्षा मानकों के पालन और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## हाईस्कूल चांडाबेड़ा में 180 पौधों का रोपण



**फरसगांव।** शासन के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल चांडाबेड़ा परिसर में शनिवार को विभिन्न प्रजातियों के 180 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ेडोंगर क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य सुश्री सुरभि, सीएससी पवन निषाद, सुरेंद्र नायक, सोनू नरेटी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कर पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई।

## मुनगा पौधारोपण जन आंदोलन का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले में कुपोषण उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुपोषण की ओर एक कदम मुनगा पौधारोपण जन आंदोलन का शुभारंभ किया। अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मुनगा सहजन एवं विभिन्न फलदार पौधों का रोपण कर सुपोषण वाटिकाएं विकसित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को पोषण वाटिका के रूप में विकसित करना है, ताकि बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्थानीय स्तर पर पौष्टिक फल और हरी सब्जियां उपलब्ध हो सकें। पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूहों, स्कूल प्रबंधन समितियों और स्थानीय नागरिकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और सुपोषण का संकल्प लिया। अधिकारियों ने बताया कि मुनगा की पत्तियों, फलियों, फूलों और बीजों में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम, विटामिन–ए और विटामिन–सी जैसे आवश्यक पोषक तत्व प्रचुर मात्र में पाए जाते हैं, जो बच्चों के शारीरिक विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं।

# निर्माण कार्यों व जनशिकायतों की समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन पर कलेक्टर ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, निर्माण कार्योंर् एवं जनहित से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचे और लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए।


बैठक में कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समय–सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का भी गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को विशेष शिविर आयोजित कर शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को भी निर्धारित समय में पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र भवन, छात्रावास, मर्दापाल एवं माकड़ी महाविद्यालय भवन, माकड़ी, फरसगांव, बड़ेराजपुर एवं केशकाल के पुस्तकालय भवन तथा केशकाल बायपास सड़क सहित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

**समय–सीमा बैठक में योजनाओं के संबंध में ली जानकारी**

### स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित मरीजों की नियमित निगरानी एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही 13 से 18 जुलाई तक चल रहे एचपीवी टीकाकरण पखवाड़े के दौरान सभी पात्र किशोरियों एवं महिलाओं का शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

### सरकारी कार्यालयों में शुरू होगी प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था



विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि अगले माह से जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर आधारित प्रीपेड बिलिंग व्यवस्था लागू की जाएगी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चित्रकांत ठाकुर, जिले के सभी एसडीएम तथा वभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस का प्रेरक आयोजन

# रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में 110 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ विजेता प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

राष्ट्र की एकता और अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में रंगोली, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरदार पटेल के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता के मूल्यों से जोड़ना था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 110 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, कला कौशल और लेखन क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चित्रों, रंगोलियों और निबंधों के माध्यम से प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व, उनके संघर्ष, दृढ़ संकल्प तथा देश की एकता में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पुलिस विभाग ने भविष्य में भी विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए व्यक्तित्व विकास और जनजागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बातें कहीं।




### इन प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार

*चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हीरामणी चावरा स्कूल, द्वितीय ईशान देवांगन, तृतीय रोहन देवांगन। निबंध लेखन प्रतियोगिता प्रथम भूमि पटेल, द्वितीय संजना सिंह, तृतीय उमेश्वरी पोयाम। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम आदेश्वर स्कूल, द्वितीय चावरा स्कूल, तृतीय आत्मानंद स्कूल रहे। समापन पर सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया।*

### राष्ट्रीय मूल्यों को आत्मसात करने का दिया संदेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दीपेश अरोरा, कुलवंत चहल एवं संतोष पात्र उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं, विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, रचनात्मक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं सरदार पटेल: एसपी

एसपी पंकज चन्द्रा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर युवाओं को समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा, एसडीओपी कोंडागांव रूपेश कुमार, एसडीओपी श्रीमती स्निग्धा सलामे, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, थाना प्रभारी एवं साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, पीएसआई मनीषा ग्वाल, रश्मि मिंज, ईला विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक श्यामलाल नेगी, आरक्षक संतोष कोडोपी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षकों को मंडल संयोजक बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

छात्रावास अधीक्षक संघ ने सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि वर्तमान में मंडल संयोजक के रूप में कार्यरत शिक्षकों को उनकी मूल संस्था में वापस भेजा जाए। उनके स्थान पर वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षकों को मंडल संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी जाए।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर विद्यालयों में शिक्षण कार्य हेतु भेजा जा रहा है। ऐसे में मंडल संयोजक के पद पर कार्यरत शिक्षकों को भी मूल संस्था में भेजना आवश्यक है, जिससे विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। संघ का कहना है कि वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षक लंबे समय से छात्रावास संचालन, विद्यार्थियों के प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों का अनुभव रखते हैं। इसलिए मंडल संयोजक का दायित्व उन्हें दिए जाने से विभागीय कार्यों का संचालन अधिक प्रभावी एवं सुचारु रूप से हो सकेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। संघ ने आशा व्यक्त की कि उनकी मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान छात्रावास अधीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुश्री कल्याणी सुनहरे, जिला सचिव अजित ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष संदीप नेताम, सौरभ बघेल, गीतेश्वर वर्मा, नीरज ध्रुवंशी, भूषण खूटे, संदीप साहू, सौरभ चंद्रकार, छत्रधारी साहू, दीपेश कुंवर समेत अन्य मौजूद रहे।

## 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का समापन

**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत मर्दापाल में एसबीआई आरसेटी कोंडागांव द्वारा आयोजित 30 दिवसीय ऑफ–कैम्पस राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई के मार्गदर्शन में किया गया। 13 जून से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण में ग्रामीण युवाओं को ईंट चिनाई, नींव निर्माण, प्लास्टर, आरसीसी कार्य, माप एवं लेवलिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, निर्माण सुरक्षा मानकों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। समापन समारोह में अतिथियों ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ जिले में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्योंर् को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से अर्जित कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने और विकास कार्योंर् में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आरसेटी कोंडागांव के निदेशक एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। दी गईं।




## सीजीपीएससी एसआई प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। जिले में कुल 1057 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 974 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 83 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया। शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय 250 में से 235 उपस्थित, 15 अनुपस्थित। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 250 में से 229 उपस्थित, 21 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तहसीलपारा 257 में से 234 उपस्थित, 23 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जामकोटपारा 300 में से 276 उपस्थित, 24 अनुपस्थित।कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में परीक्षा के लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की गईं। डिप्टी कलेक्टर अश्वन कुमार पुसाम को नोडल अधिकारी तथा शशिभूषण कन्नौजे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था।

# शिक्षा व्यवस्था, नीट में पारदर्शिता की मांग को लेकर युवाओं ने किया प्रदर्शन

कोण्डागांव। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में शुक्रवार को युवा शक्ति के बैनर तले सैकड़ों छात्रें और युवाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें प्रशासन के माध्यम से प्रेषित कीं। युवा शक्ति के कार्यकर्ता बैनर और पोस्टर के साथ रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार और परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर नारेबाजी की। ज्ञापन में सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीति बनाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में नीट परीक्षा से जुड़े विवादों और कथित अनियमितताओं से छात्रें एवं अभिभावकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। इसी संदर्भ में ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय करने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। युवा शक्ति के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर 15 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार आगे भेजने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र अध्यक्ष अमन सागर, लोकेश नेताम, उमर मेमन, मनीष वर्मा, राजेश पोयाम, मुन्ना नेताम, भूपेश मरकाम, ओम प्रकाश पोयाम, देवेंद्र सेठिया, गंगा नेताम, अंश सागर, मनीष नेगी, प्रेम पोयाम, विक्रम नेताम, भावेश नाग, सागर, रितु कश्यप, शालिनी खोबराखड़े, सुषमा, शिवानी कोराम, भगवती सहित बड़ी संख्या में छात्र–युवा उपस्थित रहे।



# 33 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोण्डागांव पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस ने बिना परमिट संचालित वाहनों, क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाली बसों तथा बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गोंर् पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान बसों, भारी वाहनों तथा अन्य व्यावसायिक वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान बिना वैध परमिट संचालित वाहन, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाली बसें तथा बिना पंजीयन नंबर वाले वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 33 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इन प्रकरणों में पुलिस द्वारा 20 हजार 300 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के साथ–साथ यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस अधिकारियों ने चालकों से अपील की कि वे वैध दस्तावेजों के साथ वाहन चलाएं, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, बिना नंबर या बिना परमिट वाहन का संचालन न करें तथा सभी यातायात नियमों का पालन करें। कोण्डागांव पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**पेज 9 का शेष**

### अंतरराज्यीय बस स्टैंड...

शौचालयों में रेट लिस्ट का बोर्ड लगाने को कहा था। लेकिन आज तक रेट लिस्ट नहीं लगा और सुलभ संचालकों द्वारा मनमाने पैसे वसूले जाते हैं। आरो का शुद्ध पानी नहीं होने के कारण यात्री शुद्ध पेयजल के लिए निजी दुकानों के बोतलबंद पानी पर निर्भर है। यात्री प्रतीक्षालय और यात्री प्लेटफार्म पर पर्याप्त कुर्सियाँ या बैठने की व्यवस्थित जगह न होने के कारण यात्रियों को जमीन या अपने सामान का सहारा लेकर बैठने मजबूर होना पड़ता है। बस स्टैंड पर मवेशियों का जमावड़ा भी रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विभिन्न ट्रेवल्स की बसों के दिन-रात खड़े रहने से पूरा बस स्टैंड एक अव्यवस्थित बस डिपो में तब्दील हो गया है। बाहरी राज्यों और जिलों से बस्तर भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों और स्थानीय यात्रियों का कहना है कि यह बस स्टैंड बस्तर का मुख्य स्थल है, लेकिन यहां की बदहाल स्थिति छवि को धूमिल कर रही है। समय-समय पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को इसकी शिकायतें दी गई हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। आम नागरिकों की मांग है कि निगम प्रशासन इस ओर तत्काल ध्यान दे। बस स्टैंड परिसर में नियमित साफ-सफाई, पीने के पानी की टंकियों की मरम्मत और यात्रियों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। बस्तर की पर्यटन और व्यावसायिक राजधानी कहलाने वाले इस शहर में यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

### आदिवासी दिवस मनाने...

प्रारंभ होगी। व्यवस्था के लिए समिति के अध्यक्ष ओम साहू, वहीं राजू बघेल, रघुवंशी यादव, बसंत कुमार कश्यप एवं संतु मौर्य को सदस्य बनाया गया है। वालंटियर व्यवस्था की जिम्मेदारी सुमित पोयाम, बामदेव भारती, फुलसिंग नाग, महादेव नाग एवं रामेश्वर विसाई को सौंपी गई है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बस्तर की भूमि, जल, जंगल, रोजगार और स्थानीय अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जनजागरण किया जाएगा। बैठक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का लोकार्पण, कॉन्टिनेंटल सुपर हॉस्पिटल डिमरापाल की स्वास्थ्य सेवाओं, विद्यालयों की समस्याओं, प्रतापगंज पारा स्थित समाज की भूमि, श्रम विभाग में स्थानीय युवाओं के कथित शोषण, दलपत सागर क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, साप्ताहिक बाजारों में मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री तथा गांवों में बाहरी व्यक्तियों द्वारा अधिक ब्याज पर अवैध ऋण वसूली जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। इन मामलों में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, हिडमो मंडावी, बलदेव मौर्य, गंगा नाग, बसंत कुमार कश्यप, दिनेश यद्धु, रघुवंशी यादव, संतु मौर्य, कमल नाग, लखेश्वर कश्यप, सुमित पोयाम, एम.के. राणा, पवन दीवान, रामेश्वर विसाई, बामदेव भारती, हरिराम मौर्य, पी.एस. लकड़ा, सुखलाल नेताम, फुलसिंग नाग, शुभम बघेल, विजय मुचाकी, कमल नेताम, नीलकंठ ठाकुर, महादेव नाग सहित अन्य मौजूद रहे।



# जिले के नौनिहालों की ऊंची उड़ान, 'छू लो आसमान' के 9 मेधावी बनेंगे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

## नीट में सफलता पर शिक्षक और नोडल अधिकारी सम्मानित



जिले के प्रतिष्ठित आवासीय कोचिंग संस्थान 'छू लो आसमान' बालूद ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया है। संस्थान के 9 मेधावी विद्यार्थियों ने 350 से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इन विद्यार्थियों का शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस (चिकित्सा स्नातक) पाठ्यक्रम में प्रवेश लगभग सुनिश्चित माना जा रहा है। इस उपलब्धि से न केवल संस्थान, बल्कि पूरे जिले में हर्ष और गौरव का वातावरण है। इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने संस्थान पहुंचकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के समर्पित शिक्षकों, नोडल अधिकारी तथा अधीक्षक का गुलदस्ता, डायरी और पेन भेंट कर सम्मान किया तथा उनके समर्पण, परिश्रम और उत्कृष्ट मार्गदर्शन की सराहना की। इस दौरान अधिकारियों ने सफल विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संस्थान के सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का उत्सव मनाया गया।

### मेहनत और अनुशासन रंग लाया

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन तथा संस्थान के अनुशासित एवं लक्ष्य आधारित शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'छू लो आसमान' संस्थान भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को चिकित्सा एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने का कार्य करता रहेगा तथा जिले का नाम प्रदेश और देशभर में गौरवान्वित करेगा।

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय बिसौली में कामर्स विषय शुरू

**भानपुरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बिसौली में इस वर्ष कॉमर्स का विषय प्रारंभ किया जा रहा है। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पूर्व से ही साइंस और आर्ट्स की कक्षाएं संचालित है। इस वर्ष कॉमर्स विषय के प्रवेश हेतु समस्त अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में सत्र 26 -27 के लिए कक्षा 11 में कॉमर्स स्ट्रीम में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। सीटों की संख्या 30 है योग्यता 10वीं उत्तीर्ण आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026 है उक्त जानकारी एप्कलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बिसौली के प्राचार्य सरोज मरकाम के द्वारा दिया गया।

### डॉ. पूर्णिमा सरोज ग्लोबल प्राइड अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित




**जगदलपुर।** बस्तर जिले में शिक्षा, साहित्य,कला, लोक संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान और समाजसेवा में सक्रिय प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा सरोज को केरल के तिरुवनंतपुरम में ग्लोबल प्राइड अचीवर्स अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुलाटी इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस एंड टैक्सेशन में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय कार्यशाला एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया। गोपाल किरण समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष प्रकाश सिंह निमराजे ने कहा कि डॉ. पूर्णिमा सरोज शिक्षा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल हैं। संस्था उन्हें इससे पूर्व नेपाल एवं कन्याकुमारी और पांडिचेरी में बुद्ध इंटरनेशनल अवार्ड, ग्लोबल आइकन अवॉर्ड, लाइफ टाइम अचीवर्स अवार्ड सहित विभिन्न राष्ट्रीय आयोजनों में भी सम्मानित कर चुकी है।

### भक्तिरस में डूबा सिरहासार भवन का पूरा इलाका



**जगदलपुर।** जनक पुरी में भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र स्वामी के दर्शन के लिए गांव गांव से लोग पहुंच रहे है। रविवार छुट्टी के दिन होने के कारण सीरासार भवन और उसके आसपास मेला जैसा माहौल था। लोग परिवार सहित भगवान का दर्शन करने गुंड़िचा मन्दिर पहुंच रहे हैं। 19 जुलाई को जनकपुरी परिसर में अखंड रामायण पाठ की शुरूआत की गई । स्थानीय भजन मंडलियों और मानस गायकों ने संगीतमय रामायण पाठ किया जिससे पूरा सिरहासार भवन परिसर भक्तिमय हो उठा यह पाठ निरंतर 24 घंटे चलेगा। जनकपुरी में दैनिक महापूजा व छप्पन भोग देव विग्रहों की सेवा मंदिर के पुजारियों द्वारा की जा रही है। आज सुबह 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के पुजारियों ने कपूर आरती और विशेष श्रृंगार पूजा की। भगवान को दोपहर में विशेष छप्पन भोग अर्पित किया गया। जनकपुरी क्षेत्र में जगन्नाथ पुरी से लाया गया महा प्रसाद भी रखा गया है जो श्रद्धालुओं को 201 रुपए में दिया जा रहा है। कई श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक इस प्रसाद को अपने सामर्थ्य अनुसार 201 से भी अधिक राशि उपलब्ध करा कर ग्रहण कर रहे है।

### कांग्रेसियों की आंख में बंधी है पट्टी, नहीं दिखता उन्हें विकास



**जगदलपुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी भरत कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प के चलते नक्सलियों का आतंक खत्म हुआ है। जिससे बस्तर में विकास की बयार बह रही है। घोर नक्सली क्षेत्र विकास से कटे जगरगुंडा में वर्षों बाद अब विकास कार्य हो रहा है। कुख्यात हिड़मा का लाल आतंक खत्म होने के बाद उसके क्षेत्र में अब बच्चे स्कूल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी आंख में पट्टी बांधकर रहते थे और अभी भी उनकी आंखों में पट्टी है।

## धुरली में 33.60 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ सड़क, सोलर पंप और स्ट्रीट लाइट का सांसद ने किया भूमिपूजन



सांसद महेश कश्यप ने शनिवार को एनएमडीसी लिमिटेड, किरंदुल कॉम्प्लेक्स के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) मद के तहत ग्राम धुरली में 33 करोड़ 60 लाख रूपये के के लागत का सड़क, सोलर हाईमास्ट, सोलर ड्यूल पंप एवं स्ट्रीट लाइट का भूमि पूजन। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुजाम, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेष, जनप्रतिनिधिगण सुनिता भास्कर, सुकालू मुड़ामी, संतोष गुप्ता, रामू नेताम,रमेश गावड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। अपने संबोधन में बस्तर सांसद ने कहा कि खनन क्षेत्रों में सीएसआर मद के तहत खनन कंपनियों को अपने लाभांश की राशि अपने सामाजिक उत्तर दायित्वों के तहत देने का प्रावधान है। परन्तु खेद है कि पूर्ववर्ती शासन वर्षों से इस राशि का सही उपयोग नहीं किया जिससे यह क्षेत्र वास्तविक विकास से वंचित रहे। परन्तु स्व. अटल बिहारी वाजपेई की दूरदर्शिता से छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात बस्तर जिले का सर्वांगीण विकास का सूर्योदय हुआ। प्रधान मंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में जल जंगल जमीन का संरक्षण और टिकाऊ विकास की अवधारणा की अनुरूप धरातलीय क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही साथ डीएमएफ और सीएसआर मद की राशियों का पारदर्शितापूर्वक सही और वास्तविक उपयोग संभव हो सका है। उन्होंने राज्य और केंद्र की विकास कार्य योजना की प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही हैं। फिर चाहे वह कश्मीर में धारा 370 का हटाया जाना हो अथवा बस्तर जैसे क्षेत्रों में नक्सली उन्मूलन को अंजाम देना हो सरकार अपनी प्रतिबद्धता से पीछे कभी नहीं हटेगी। शासन का संकल्प 2031 तक बस्तर को भारत का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बस्तर में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा है। सड़क मार्ग को विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोले जा रहे है। इस क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा भी क्षेत्र में विकास की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा गया स्थानीय ग्रामीणों ने जो प्रमुख मांगे रखी थी उसका भूमिपूजन संपन्न हुआ है।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने भी संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए बस्तर सांसद एवं एनएमडीसी प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, एनएमडीसी के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा एनएमडीसी

एनएमडीसी महाप्रबंधक कोड़ली श्रीधर ने भी एनएमडीसी द्वारा विगत वर्षों में एनएमडीसी के सहयोग से किए गए विकास उपलब्धियों की प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएमडीसी द्वारा भविष्य में भी जनप्रतिनिधियों और जनता के इच्छाओं के अनुरूप कार्य को मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनएमडीसी द्वारा आने वाले समय में खेल प्रोत्साहन के तहत स्थानीय युवाओं के लिए कबड्डी जैसे टूर्नामेंट आयोजित किए जाएगें।

### हिरोली, समलवार और चोलनार को मिली विकास की सौगात

ग्राम हिरोली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद ने आदर्श ग्राम हिरोली , समलवार एवं चोलनार में 17 सीसी सड़क निर्माण, 15 सोलर हाईमास्ट, 24 सोलर ड्यूल पंप तथा 3 सोलर स्ट्रीट लाइट सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि कई पीढ़ियां मूलभूत सुविधाओं की प्रतीक्षा करती रहीं, लेकिन अब इन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में ठोस कार्य किए जा रहे हैं।

# जावंगा में 428 छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

■ बस्तर के आदिवासी युवाओं को मुफ्त मेडिकल शिक्षा का मौका

बस्तर क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को चिकित्सा क्षेत्र में एक सुनहरा भविष्य देने के लिए राष्ट्रीय खनिज विकास निगम बचेली के सीएसआर विभाग ने एक बेहतरीन और अनूठी पहल की है। एनएमडीसी स्वास्थ्य कौशल योजना के तहत क्षेत्र के आदिवासी छात्र-छात्राओं को विभिन्न मेडिकल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में बिल्कुल मुफ्त उच्च शिक्षा हासिल करने का मौका मिल रहा है। 18 जुलाई को जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर में एक लिखित प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। स्क्रूटनी के बाद 428 योग्य विद्यार्थियों का चयन किया गया, जो इस लिखित प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के चित्तूर स्थित प्रसिद्ध अपोलो यूनिवर्सिटी से शिक्षिकाएं विशेष रूप से जावंगा पहुंचीं। उनकी देखरेख में ही इस परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

### एनएमडीसी उठाएगा पढ़ाई का पूरा खर्च

लिखित परीक्षा के परिणामों के बाद छात्र-छात्राओं का चयन पूरी तरह से मेरिट के आधार पर होगा। अंतिम रूप से मेडिकल परीक्षण में सफल होने वाले विद्यार्थियों को अपोलो यूनिवर्सिटी, चित्तूर भेजा जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं की पढ़ाई, रहने और खाने-पीने का सारा खर्च एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा वहन किया जाएगा। इस पूरी परीक्षा और चयन प्रक्रिया को एनएमडीसी के उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन-सीएसआर) के कुशल मार्गदर्शन और सीएसआर विभाग के कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। एनएमडीसी के इस कदम की बस्तर क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

# परचनपाल के व्याख्याता समीर मिश्रा को डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड

■ 32 वर्षों के शैक्षणिक योगदान के लिए दिल्ली में सम्मानित



कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में पदस्थ व्याख्याता समीर मिश्रा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट इन एजुकेशन की उपाधि से सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह दिल्ली के ग्रीन लाउंज होटल में आयोजित एक बड़े रंगारंग कार्यक्रम में संपन्न हुआ। उपाधि प्राप्त करने के पश्चात अब वे डॉ. समीर मिश्रा के नाम से जाने जाएंगे।

डॉ. मिश्रा शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 32 वर्षों से सक्रिय हैं। वर्ष 1993 में सरस्वती शिशु मंदिर से अध्यापन की शुरुआत करने वाले डॉ. मिश्रा आज तक विद्यार्थियों की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में पढ़े अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न विभागों में उच्च पदों पर पदस्थ हैं। उनकी लगातार पढ़ने की ललक उनकी शैक्षणिक योग्यताओं से स्पष्ट झलकती है। उन्होंने बीकॉम, एमए - समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, संस्कृत, भूगोल, राजनीति, इतिहास, रूरल डेवलपमेंट, साथ ही 2 बार बीपीएड एवं बीएड की उपाधियां अर्जित की हैं।

इसके अतिरिक्त बीजेएमसी (बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) एवं मानवाधिकार में डिप्लोमा भी किया है। विद्यालय परिवार, छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर डॉ. मिश्रा को शुभकामनाएं दी हैं।

# पर्यटन नगरी बारसूर में सार्वजनिक शौचालय बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

■ गंदगी और झाड़ियों का अंबार, खुले में शौच को मजबूर हो रहे पर्यटक व स्थानीय लोग





जिले की पर्यटन नगरी के रूप में पहचान रखने वाले बारसूर नगर में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय बदहाली का शिकार हो गए हैं। नगर पंचायत द्वारा वर्षों पूर्व निर्मित शौचालय आज गंदगी, टूट-फूट और जंगल झाड़ी में बदल चुके हैं। नतीजतन पर्यटकों और स्थानीय लोगों को खुले में शौच करने को मजबूर होना पड़ रहा है। नगर पंचायत द्वारा शहीद चौक, पुराना बाजार में खेल मैदान के समीप तथा बारसूर-मुचनार रोड पर डेनेक्स के निकट दो-दो कमरों वाले सार्वजनिक शौचालय बनवाए गए थे। शहीद चौक वाले शौचालय का उपयोग निर्माण के बाद कुछ दिनों तक ही हुआ। इसके बाद नगर पंचायत ने इसमें ताला लगा दिया था। स्थानीय नागरिकों के विरोध पर ताला तो खोल दिया गया, लेकिन रखरखाव के अभाव में यह पूरी तरह बंद हो गया। अब यहां चारों ओर झाड़ियां और जंगल उग आए हैं। दीवारें टूट रही हैं और अंदर गंदगी का अंबार लगा है। डेनेक्स के पास और पुराना बाजार वाला शौचालय भी इसी स्थिति में है। मरम्मत और साफ-सफाई की जिम्मेदारी न तो विभाग ले रहा है और न ही कोई जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर आवाज उठा रहा है।

### पर्यटकों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी

बारसूर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक बत्तीसा मंदिर, गणेश मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थल देखने आते हैं। शौचालय न मिलने के कारण उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। राहगीरों के साथ-साथ बाजार आने वाले लोगों को भी असुविधा होती है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शौचालयों का तत्काल जीर्णोद्धार कर, स्थाई सफाईकर्मी की नियुक्ति की जाए ताकि बारसूर को वास्तव में स्वच्छ और पर्यटक अनुकूल नगर बनाया जा सके।

## सुकमा पुलिस में दिखने लगा एसपी मयंक गुर्जर की कार्यशैली का असर

# नई सोच, नई रफ्तार के साथ शुरू हुई डिजिटल पुलिसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ अपराध नियंत्रण, त्वरित विवेचना और जनता से बेहतर संवाद पर विशेष फोकस

नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर पहली बैठक में अपने अधीनस्थों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय में आधुनिक तकनीक के बिना प्रभावी पुलिसिंग संभव नहीं है। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि डिजिटल संसाधनों का जिम्मेदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ उपयोग करें तथा आम नागरिकों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिले में नए पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के पदभार संभालने के बाद पुलिस व्यवस्था में तेजी और नई कार्यशैली की झलक दिखाई देने लगी है। पदस्थापना के कुछ ही समय में उन्होंने जहां जिले की कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा शुरू की है, वहीं डिजिटल पुलिसिंग को मजबूत करने और अपराधों की विवेचना को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की है।

### अपराधों की जांच में आएगी अधिक गति

पुलिस अधीक्षक गुर्जर ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को मोबाइल फोन वितरित किए। इन मोबाइल उपकरणों का उपयोग केवल नियमित पुलिस कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से घटनास्थल पर डिजिटल साक्ष्य संकलन, त्वरित विवेचना और पारदर्शी जांच प्रक्रिया को भी गति मिलेगी। इससे अपराधों की जांच अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी होने की उम्मीद है।

### आधुनिक तकनीक के बिना प्रभावी पुलिसिंग संभव नहीं

मोबाइल वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बदलते समय में आधुनिक तकनीक के बिना प्रभावी पुलिसिंग संभव नहीं है। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि डिजिटल संसाधनों का जिम्मेदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ उपयोग करें तथा आम नागरिकों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।



### महिला-बाल अपराध और ड्रग्स तस्करी पर पुलिस की सख्ती

अधिकारियों, अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों तथा थाना-चौकी प्रभारियों की व्यापक क्राइम मीटिंग भी ली। बैठक में लंबित अपराधों, शिकायतों और विवेचनाधीन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और गंभीर अपराधों में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध गतिविधियों और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो।

### आधुनिक पुलिसिंग की ओर बढ़ता जिला

जिले के पुलिस महकमे में नई तकनीक के समावेश और नियमित समीक्षा बैठकों को पुलिस अधीक्षक की सक्रिय कार्यशैली के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल साक्ष्य संकलन, त्वरित संचार व्यवस्था और जवाबदेह पुलिसिंग की दिशा में उठाए गए कदम भविष्य में अपराध नियंत्रण और विवेचना की गुणवत्ता को और मजबूत करने में सहायक माने जा रहे हैं। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, जिले के सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचे : कश्यप



**जगदलपुर।** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के लोहण्डीगुड़ा मंडल के बड़ांजी शक्ति केंद्र के ग्राम पंचायत बड़ांजी में भाजपा की शक्ति केंद्र स्तर की बैठक किया गया। संगठन की मजबूती, स्थानीय समस्याओं के समाधान तथा शासन के योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ बैठक में सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2 एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बैठक प्रभारी भरत कश्यप ने अधिक से अधिक पार्टी के नीति एवं रीति को मजबूत बनाने के साथ शासन के प्रत्येक योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी देश और समाज के साथ प्रत्येक आम व्यक्ति के साथ है। पार्टी की नीति रीति एवं योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। हम सभी को मिलकर मजबूत इरादों के साथ समर्पण से कार्य करना है।

इस दौरान भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी भरत कश्यप, बड़ांजी शक्ति केंद्र प्रभारी डमरू भारद्वाज, सुदरू सेठिया, सरपंच महेंद्र भारद्वाज, नरेन्द्र भारद्वाज, राधेश्याम मांझी, त्रिलोचन मांझी, जीवनाथ, पीताम्बर, लोकेश्वर मांझी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पेंशनर्स के हित में शासन के आदेश का स्वागत

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने पेंशनर्स के हित में किए गए शासन के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने जनवरी 2026 से लंबित दो प्रतिशत महंगाई राहत का आदेश भी एरियर सहित शीघ्र जारी करने की मांग शासन से की है। उन्होंने कहा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में 2018 से निरंतर म प्र पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) को पेंशनरों के हित में विलोपित करने की मांग किया जा रहा है। लंबे समय से जद्दोजहद करने का सुखद परिणाम सामने आया है। 17 जुलाई को दोनों प्रांतों के परस्पर सहमति की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है।



अब केंद्र सरकार जब भी पेंशनरों के महंगाई राहत में बढ़ोत्तरी करे तो राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर महंगाई राहत में वृद्धि करने के लिए स्वतंत्र होंगी । किंतु यह बढ़ोत्तरी केंद्र सरकार द्वारा किए गए बढ़ोत्तरी से अधिक नहीं होगी। ताटी ने कहा कि अब इसके साथ ही प्रशासनिक जटिलता पर विराम लग गया है। शासन के आदेश का स्वागत करने वालों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा, रमापति दुबे, एल एस नाग, बी एस नेताम,विमल पांडे ,जितेंद्र निहाल सिंह, रैमन दास झाड़ी,मो अय्यूब खान, रूप कुमार झाड़ी, मो कासिम, कासिमुद्दीन खान, सुरेश कुमार घाटौड़े, शंभूनाथ देहारी, सदाराम ठाकुर, मनी राम कश्यप, धीर नाथ बघेल, सरोज साहू,अनिता राज, करमजीत कौर, सरिता पांडे सुषमा झा, जयमनी ठाकुर शुभ्रा कुंडू, शीला ताराम, विमला ठाकुर त्रिशिया झाड़ी, जया इशाक एवं सुकरी बघेल शामिल हैं।

# नेत्रोत्सव पूजा में राजपरिवार की मौजूदगी पर परंपरा को लेकर छिड़ी बहस

## एक पक्ष ने परंपरा टूटने का लगाया आरोप, आरण्यक ब्राह्मण समाज ने कहा- पूजा में शामिल होने से परंपरा खंडित नहीं होती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर गोंचा महापर्व के दौरान भगवान जगन्नाथ के नेत्रोत्सव पूजा विधान में बस्तर राजपरिवार के सदस्य कमल चंद्र भंजदेव की उपस्थिति को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। परंपरा के जानकारों और धार्मिक पदाधिकारियों के बीच इस विषय पर अलग-अलग मत सामने आने से चर्चा तेज हो गई है।

दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी प्रेम पाढ़ी ने दावा किया कि नेत्रोत्सव पूजा में राजपरिवार के सदस्य का शामिल होना परंपरा के अनुरूप नहीं है। उनका कहना है कि बस्तर के अंतिम महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव भी इस पूजा विधान में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने यह भी कहा कि राजपरिवार को सलाह देने वाले लोगों को परंपरागत नियमों की समुचित जानकारी होनी चाहिए।

वहीं सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य कुमार जयदेव ने कहा कि यह जानकारी मिली कि कमल चंद्र भंजदेव पूजा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पूजा में उपस्थित होना अलग विषय है, लेकिन इससे परंपरा का उल्लंघन हुआ या नहीं, इसका उत्तर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज ही दे सकता है।




### परंपरा टूटने का आरोप गलत

इधर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने परंपरा टूटने के आरोपों को स्वीकार नहीं किया। उनका कहना है कि नेत्रोत्सव पूजा का विधान समाज के परंपरागत पाढ़ी और पाणीग्राही द्वारा ही संपन्न कराया जाता है। यदि राजपरिवार का सदस्य पूजा में उपस्थित रहा, तो मात्र इससे परंपरा खंडित नहीं मानी जा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में शासन-प्रशासन सहित बड़ी संख्या में बस्तरवासी कमल चंद्र भंजदेव को महाराजा के रूप में सम्मान देते हैं। इसलिए मैं भी उन्हें महाराजा मानता हूं इसमें क्या गलत है। बहरहाल देश में राजतंत्र व्यवस्था खत्म होकर लोकतंत्र व्यवस्था चल रहा है। ऐसे में आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष जो भाजपा के बस्तर जिला अध्यक्ष के जिम्मेदार पद में हैं उनका लोकतंत्र में राजतंत्र की बात स्वीकार करना एक नई व्याख्या को जन्म दे रहा है।

## स्काउट एवं गाइड के कार्यक्रम में सभी 7 विकासखंड के प्रशिक्षक तथा शिक्षक पहुंचे

# बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित कर राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक बनाना उद्देश्य : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत स्काउट एवं गाइड बस्तर के जिला मुख्य आयुक्त सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तोकापाल में जिले के सातों विकासखंडों से आए स्काउट-गाइड प्रशिक्षक शिक्षकों एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, प्रत्येक विद्यालय तक स्काउट-गाइड गतिविधियों का विस्तार करने तथा नए शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

जिला सचिव लीलेश देवांगन ने स्काउट एवं गाइड के संचालन, वर्तमान गतिविधियों एवं संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी देते हुए शिक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए। विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।




सुरेश गुप्ता ने कहा कि अब समय आ गया है कि बस्तर जिले की पहचान केवल अपनी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य से ही नहीं बल्कि स्काउट एवं गाइड की उत्कृष्ट गतिविधियों से भी बने। हमारा लक्ष्य जिले के प्रत्येक विद्यालय तक स्काउट गाइड पहुंचाना और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इससे जोड़ना है।

उन्होंने सभी दल प्रभारियों एवं प्रशिक्षक शिक्षकों से कहा कि वे नए पंजीयन अभियान को तेज करें तथा पंजीकृत विद्यार्थियों का बीएसजी इंडिया पोर्टल पर समयबद्ध पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को स्काउट एवं गाइड से जोड़ने का कार्य करें। वित्तीय व्यवस्था एवं यूनिफॉर्म की चिंता मुझ पर छोड़ दें। हमारा उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना, व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं नैतिक मूल्यों का विकास कर उन्हें समाज और राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

### हर विद्यार्थी शाला में लगाएगा एक पौधा

निर्णय लिया गया कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में एक विद्यार्थी-एक पौधा अभियान चलाया जाएगा। केवल पौधरोपण ही नहीं बल्कि पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में सुधा मिश्रा, परमेश राजा, रोशन झा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट दसरुराम यादव, जिला संगठन आयुक्त गाइड मीरा हिरवानी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट जेपी पाठक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड दिलाशी लाल, जिला कोषाध्यक्ष गोपेन्द्र सार्दुल, जिला मीडिया प्रभारी विजय चंद्राकर, भूमिका निषाद, दीपा ठाकुर, भरत यादव, गिरवर रावटे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गोंचा-दशहरा की परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखना सबका कर्तव्य : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमाशंकर शुक्ला ने प्रेस विज्ञिप्त में बताया कि बस्तर के प्रसिद्ध गोंचा महापर्व में रथयात्रा के दौरान भीड़ के बीच एक महिला का हाथ रथ के पहिए में आ गया जिससे वह घायल हो गई। मौके पर मौजूद पुलिस जवानों और श्रद्धालुओं ने महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार जारी है। उन्होंने कहा कि पहली बार लोक आस्था के रियासत कालीन गोंचा महापर्व में दुखद दुर्घटना हुई है। पूजा विधान से जुड़े जानकारों से चर्चा करने पर उन्होने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ इस कलयुग में साक्षात विराजमान हैं। बस्तर राज परिवार के सदस्य कमल चंद्र भंजदेव गोंचा महापर्व की परंपराओं के साथ खिलवाड़ करने को लेकर कहा कि बस्तर के प्रथम महाराजा से लेकर अंतिम महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव तक बस्तर गोंचा महापर्व की परंपराओं में कभी भी शामिल नही हुए। परंपरानुसार बस्तर गोंचा महापर्व में प्रतिवर्ष बस्तर राज परिवार के द्वारा श्रीगोंचा पूजा विधान के लिए पूजन सामग्री की थाल सजाकर भिजवाया जाता था। श्रीगोंचा पूजा विधान में जब भगवान श्रीजगन्नाथ माता सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी की विग्रहो को तीनों रथों में रथारूढ़ करने के बाद बस्तर राज परिवार के द्वारा भेजे गये पूजन सामग्री को सबसे पहले अर्पित कर प्रसाद बस्तर राज परिवार को भिजवाये जाने की परंपरा थी।



बस्तर राज परिवार के सदस्य कमल चंद्र भंजदेव ने इस परंपरा का उलंघन इस वर्ष किया। संभवतः इससे हमें छेरा बहारा पूजा विधान के तुरंत बाद में यह दुर्घटना होना मन के व्यथित करता है। शुक्ला ने कहा कि पहली बार लोक आस्था के रियासत कालीन गोंचा महापर्व परंपराओं को हम सबको मानना चाहिए। इसके साथ किसी को भी खिडवाड़ नही करना चाहिए। अपनी दिखावे की प्रतिष्ठा के लिए राजनेता भी एसी गलती करते हैं। जिससे इसका गलत प्रभाव जिसकी आज चर्चा का विषय बना हुआ है, इस पर विराम लगाने की आवश्यकता है।

## न्यायालय परिसर में सुविधाओं को सुगम बनाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय जगदलपुर का निरीक्षण कर न्यायालय परिसर में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने न्यायिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने सिविल न्यायालय के कक्ष, न्यायालय परिसर में निमार्णाधीन कार्यों, किलकारी केंद्र, परिवार न्यायालय, डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष, प्रतिलिपि अनुभाग, फास्ट ट्रैक कोर्ट, ई-सेवा केंद्र, दिव्यांगजनों के लिए शिकायत कक्ष, विशेष न्यायालय कक्ष, पीड़ति विश्राम कक्ष तथा ग्रंथालय भवन सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, अधोसंरचना विकास तथा न्यायिक सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही न्यायालय में आने वाले वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को बेहतर और सुगम न्यायिक सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े, न्यायालय के अन्य न्यायाधीश एवं न्यायिक अधिकारी, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- मुख्य न्यायाधीश ने जिला एवं सत्र न्यायालय का किया निरीक्षण



### बस्तर गोंचा महापर्व में लगा कॉफी स्टॉल

**जगदलपुर।** बस्तर गोंचा महापर्व के अवसर पर देव्रीधुर उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जी. पी. नाग एवं ईजी.भागवत के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने बस्तर कॉफी का विशेष स्टॉल लगाया है। इस स्टॉल का उद्देश्य बस्तर में उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाली कॉफी का प्रचार-प्रसार करना तथा स्थानीय किसानों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करना हैं। सांसद महेश कश्यप ने स्टॉल का भ्रमण किया। उन्होंने बस्तर कॉफी की गुणवत्ता एवं विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान आगंतुकों ने बस्तर कॉफी का स्वाद लिया।

## 77 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में माता रुक्मणी आश्रम डिमरापाल में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव के सीधे नेतृत्व में चले इस अभियान के तहत आश्रम की 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की कुल 77 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया गया।

- माता रुक्मणी आश्रम में चलाया गया एचपीवी टीकाकरण का विशेष अभियान

इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सेक्टर प्रभारी द्वारा एक बेहद महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि बाजार में इस जीवन रक्षक वैक्सीन की एक खुराक की कीमत लगभग नौ हजार रुपये है, जिसे आम और गरीब परिवारों के लिए वहन कर पाना बेहद कठिन होता है। लोक स्वास्थ्य के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए राज्य शासन इस बेहद महंगे और प्रभावशाली टीके को पूरी तरह निःशुल्क प्रारंभ करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है।



अभियान के सफल क्रियान्वयन में क्षेत्र के आरएमए, सेक्टर पर्यवेक्षक, समर्पित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ माता रुक्मणी आश्रम के स्थानीय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ का भी सराहनीय व महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महारानी अस्पताल में मातृशक्तियां करेंगी रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी 21 जुलाई को महारानी अस्पताल में मातृशक्ति रक्तदान एवं जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने रेड क्रॉस उपसमिति ब्लड बैंक की मातृशक्तियों द्वारा सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ सजंय प्रसाद को ज्ञापन सौंपा और कार्यक्रम की जानकारी दी।

- रक्तदान एवं जन जागरूकता अभियान कल, सौंपा ज्ञापन

रक्तदान कार्यक्रम की प्रभारी मोनू सिंह ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से अस्पताल प्रशासन से कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सहयोग उपलब्ध कराने का अस्पताल अधीक्षक से अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य माताओं एवं बहनों की सक्रिय भागीदारी के



माध्यम से समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, रक्तदान से जुड़े भ्रमों को दूर करना तथा अधिक से अधिक लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। जन जागरूकता अभियान के तहत मातृशक्ति स्वयं भी रक्तदान कर समाज के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करेगी जिससे रक्तदान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। रेड क्रॉस उपसमिति ने विश्वास व्यक्त किया कि अस्पताल प्रशासन के सहयोग से यह अभियान सफल होगा तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सार्थक योगदान देगा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला बस्तर की उपसमिति ब्लड बैंक ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस जनहितकारी अभियान में सहभागी बनें तथा स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा के इस महान कार्य में अपना योगदान दें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लड बैंक उपसमिति मातृशक्ति रक्त दान शिविर कार्यक्रम प्रभारी मोनू सिंह के अलावा जिले की संयोजिका मेहक, जगदलपुर ब्लॉक की उपाध्यक्ष नीलम कुशवाह व अन्य मौजूद थे।

## 30 बालिकाओं को लगा एचपीवी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहंडीगुड़ा में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण जागरूकता अभियान किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व को रेखांकित किया। विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया।

- सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान
- शासकीय कन्या विद्यालय लोहंडीगुड़ा की छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला




शिविर में 30 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने छात्राओं को बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है तथा समय पर टीकाकरण से भविष्य में इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

विद्यालय प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग ने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समाज में एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता फैलाएं।

## गंदगी से व्यापारी और ग्राहक सभी परेशान

# शहर का बड़ा बाजार संजय मार्केट में महामारी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर का सबसे बड़ा व्यावसायिक संजय मार्केट में इन दिनों साफ-सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। बाजार परिसर में गंदगी, सड़े हुए कचरे के ढेर से सब्जी बेचने वाले तथा खरीदने वाले परेशान है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम नियमित रूप से कचरे का उठाव नहीं कर रहा है। बाजार के बाहरी क्षेत्र में जमा गीला कचरा सड़ने लगा है, जिससे उठने वाली दुर्गंध के कारण बाजार में खड़े रहना भी मुश्किल हो गया है। इस गंदगी की वजह से मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ा है, जिससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों और महामारी





फैलने का खतरा पैदा हो गया है। सब्जी खरीदारों को कीचड़ और मलबे से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय टमाटर व्यापारी बबलू पांडे ने नगर प्रशासन से मांग की है कि यहां तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा डंपिंग को व्यवस्थित किया जाए । नालियों की सफाई कराई जाए, मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव किया जाए, ताकि दुकानदार और ग्राहक दोनों सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा की गंदगी के कारण आज कल ग्राहक भी कम आते है। वे अपने आसपास की दुकानों से अपनी जरूरत का सामान ले लेते है, गंदगी का असर अप्रत्यक्ष रूप से दुकानदारी पर भी पड़ा है। पूर्व में निगम प्रशासन बाजार को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने के दावे किए थे, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

